दिन– रविवार दिनांक– 25 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा– गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के राजनीति में प्रवेश से देश के भविष्य को बदलने में सहायता मिलेगी।

02. श्री मोदी ने महाराष्ट्र के जलगांव में ग्यारह लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। पांच हजार करोड रुपये का बैंक ऋण जारी किया।

03. केन्द्रीय कर्मचारियों ने नई पेंशन योजना–यूपीएस का स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्रियों ने राज्यों से भी नए प्रावधानों को लागू करने का किया अनुरोध।

04. और, राज्य के विभिन्न भागों में बारिश के चलते गंगा, महानंदा, कोसी और विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि। खगड़िया, कटिहार और मुंगेर के निचले इलाकों में बनी है बाढ़ की स्थिति।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि युवाओं के राजनीति में आने से कई समस्याओं को सुलझाने में सहायता मिल सकती है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था में जुडने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि इसका युवाओं पर जबरदस्त प्रभाव पडा है और बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश करने के लिए तैयार है।

———बाईट———

कुछ युवाओं ने लिखा है कि उनके लिए वाकई अकल्पनीय है, कुछ युवाओं ने लिखा कि उनके पास जमीनी स्तर पर काम करने का अच्छा अनुभव है, इसलिए वे लोगों की समस्या को सुलझाने में मददगार बन सकते हैं। कुछ युवाओं ने यह भी लिखा कि परिवारवादी राजनीति, नई प्रतिभाओं का दमन कर देती है।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। श्री मोदी ने तेइस अगस्त को पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के जश्न का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले वर्ष आज ही के दिन चंद्रयान–3 ने चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से में शिव शक्ति बिंदु पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना है। श्री मोदी ने स्पेस टैक स्टार्टअप गैलेक्सआई के सदस्यों के साथ बातचीत भी की। इस स्टार्टअप को

आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों ने शुरू किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्पेस इको–सिस्टम बहुत जीवंत हो रहा है।

हर घर तिरंगा अभियान के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के रियासी में सात सौ 50 मीटर लंबे ध्वज के साथ चिनाब रेलवे पुल से तिरंगा रैली निकाली गई थी। यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है। इसी तरह से देश के अन्य राज्यों में भी हर उम्र के लोग तिरंगा यात्राओं में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों ने यह अनुभव किया होगा कि स्वतंत्रता दिवस अब सामाजिक पर्व बनता जा रहा है।

–––बाईट–––

स्वतंत्रता दिवस अब एक सामाजिक पर्व भी बनता जा रहा है। लोग अपने घरों को तिरंगा माला से सजाते हैं। 'स्वयं सहायता समूह' से जुड़ी महिलाएं लाखों झंडे तैयार करती हैं। ई–कॉमर्स पेल्टफॉर्म पर तिरंगे में रंगे सामानों की बिक्री बढ़ जाती है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोगों से कैच द रेन मूवमेंट और एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने देशवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का अनुरोध किया।

–––बाईट–––

मैं आप सभी से बारिश के इस मौसम में सावधानी बरतने के साथ ही कैच द रैन मूवमेंट का हिस्सा बनने का भी आग्रह दोहराऊँगा। मैं आप सभी को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की याद दिलाना चाहूँगा। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और दूसरों से भी इसका आग्रह करें।

प्रधानमंत्री ने फिटनेस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि फिट रहने के लिए लोगों को अपने खान–पान और रहन–सहन पर ध्यान देते रहना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि फिटनेस को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए फिट इंडिया अभियान शुरू किया गया था।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे परिवार, समाज और देश का भविष्य हमारे बच्चों की सेहत पर निर्भर है और बच्चों की अच्छी सेहत के लिए जरूरी है कि उन्हें सही पोषण मिलता रहे। बच्चों का पोषण देश की प्राथमिकता है। श्री मोदी ने कहा कि हर वर्ष पहली सितम्बर से तीस सितम्बर तक पोषण माह मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष पोषण अभियान को नई शिक्षा नीति के साथ जोड़ा गया था। प्रधानमंत्री मोदी

ने लोगों से पेरिस में शुरू हो रहे पैरालिम्पिक्स खेलों में भारतीय एथलीट्स और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने को कहा हैं।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने आगामी त्योहारों–जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ओणम, मिलाद–उन–नबी और तेलुगु भाषा दिवस की लोगों को बधाई दी।

———————————————————————

राज्य में कई स्थानों पर सार्वजनिक रूप से मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। रोहतास जिले के दावथ प्रखंड अंतर्गत उसरी ग्राम पंचायत में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी रिता देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुनने से प्रेरणा मिलती है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित एक समारोह में 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने लखपति दीदियों को सम्मानित किया और उनसे उनके कारोबार के बारे में चर्चा की।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार अक्षम्य अपराध है और दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों, स्कूलों, कार्यालयों जैसे सार्वजनिक संस्थानों और पुलिस प्रणाली को महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशीन और जवाबदेह बनाना जरूरी है। जाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि एक समाज और एक सरकार के रूप में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी महिलाओं के जीवन और सम्मान की रक्षा होनी चाहिए।

———————————————————————

केंद्र सरकार के कर्मियों ने एनडीए सरकार द्वारा एकीकृत पेंशन योजना दृ यूपीएस लाने के कदम की सराहना की है । पूर्व मध्य रेलवे में लेखा विभाग के

अधिकारी अनिमेश ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि कर्मचारियों के हित में इस योजना में कई सुधारात्मक कदम उठाये गये हैं ।

---बाईट---

वहीं पूर्व मध्य रेलवे के वित्त सलाहकार विजय कदम ने बताया कि इस योजना की सबसे बड़ी खासियत है कि इसे बाजार के निवेश की अस्थिरता और जोखिम से दूर रखा गया है । श्री कदम ने कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम की तरह इसमें महंगाई राहत को शामिल किया गया है ।

---बाईट---

-----------------------------------

केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम को कर्मचारियों के हित में उठाया गया बहुत बड़ा कदम बताया है। उन्होंने पटना में कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के लिए अपना योगदान मूल वेतन का साढ़े अठारह प्रतिशत कर दिया है। इसे अन्य राज्यों को भी अपनाना चाहिए।

---बाईट---

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने एकीकृत पेंशन योजना को ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकारें भी इसे लागू कर दे तो 90 लाख कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा।

---बाईट---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कैबिनेट द्धारा एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दिए जानें पर केंद्र सरकार का आभार जताया और केंद्रीय कर्मचारियों को बधाई दी है।

---बाईट---

-----------------------------------

राज्य के विभिन्न भागों में बारिश के चलते गंगा, महानंदा, कोसी और विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। खगड़िया जिले में गंगा और बूढ़ी गंडक नदी में उफान से परबत्ता, गोगरी और खगड़िया प्रखंड के दियारा इलाकों और निचले

इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कटिहार जिले में भी गंगा, महानंदा, कोसी और बरंडी नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। हमारे कटिहार संवाददाता ने बताया है कि गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने से ओल्ड कास्ट तटबंध पर दबाव बढ़ गया। हालांकि कल तटबंध में रिसाव की सूचना मिलने के बाद इसे मरम्मत कार्य चलाकर इसे ठीक कर लिया गया है। इधर, हमारे मुंगेर संवाददाता ने बताया की गंगा नदी की जलस्तर में कमी की प्रवृति दिख रही है। हालांकि नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर के ऊपर दर्ज किया गया है। कई गांवों में बाढ़ का पानी फैला हुआ है।

———————————————————————

पूर्व मुख्यमंत्री बी.पी. मंडल की एक सौ सातवी जयंती आज धूमधाम से मनायी जा रही है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में आयोजित राजकीय समारोह में स्वर्गीय मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पीत की। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री के पैतृक गांव मधेपुरा जिले के मुरहो में भी समारोह का आयोजन किया गया।

———————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा— गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के राजनीति में प्रवेश से देश के भविष्य को बदलने में सहायता मिलेगी।
02. श्री मोदी ने महाराष्ट्र के जलगांव में ग्यारह लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। पांच हजार करोड रुपये का बैंक ऋण जारी किया।
03. केन्द्रीय कर्मचारियों ने नई पेंशन योजना—यूपीएस का स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्रियों ने राज्यों से भी नए प्रावधानों को लागू करने का किया अनुरोध।
04. और, राज्य के विभिन्न भागों में बारिश के चलते गंगा, महानंदा, कोसी और विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि। खगड़िया, कटिहार और मुंगेर के निचले इलाकों में बनी है बाढ़ की स्थिति।

———————————————————————

समाप्त